मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, मिर्जापुर, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ में वितरित

Visit Us at : www.kadamkadampar.com

# कदम कदम पर

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

RNI No. : MAHHIN/2014/55126 PR No. : MNE/329/2023-2025 POSTED AT BHANDUP (E) POST OFFICE, MUMBAI-42 ON EVERY TUESDAY संपादक : छोटेलाल शर्मा

वर्ष - 11 अंक -19 मुंबई, सोमवार, दिनांक 29 जनवरी से 04 फरवरी 2024 पृष्ठ : 06 कीमत : 3 /- रुपये

## BSVS क्रिकेट प्रीमियर लीग टूर्नामेंट में सायन फाइटर टीम बनी विजेता

**मुंबई,** 27 जनवरी 2024 दिन शनिवार को बिंद समाज विकास संघ द्वारा वर्ली स्पोर्ट्स क्लब प्रभादेवी वर्ली मुंबई में आयोजित **BSVS** प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट में मुंबई सहित अन्य जिलों प्रयागराज, मिजार्पुर, भदोही, जौनपुर, वाराणसी, सूरत, महानगर जैसे 10 टीमों ने भाग लिया





इस स्वजातीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता में, बिंद, केवट, निषाद, मल्लाह, नाविक, साहनी, कश्यप, माझी और बेलदार, मुखिया, इत्यादि स्वजातीय खिलाड़ियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया जिसमें सायन फाइटर की क्रिकेट टीम ने सभी टीमों को पीछे छोड़ते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर वर्ली ब्लास्टर की टीम रही, जिसका नेतृत्व उद्योगपति ओमप्रकाश बिंद ने किया, तीसरा स्थान प्राप्त करने में कुर्ला अवेंजर की टीम कामयाब रही। जिसकी अगुवाई बेहतरीन क्रिकेट खिलाड़ी अशोक कुमार नाविक ने किया।

संघ ने प्रथम विजेता टीम को 15000 रुपया और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। द्वितीय विजेता टीम को ₹10000 और ट्राफी तथा तीसरी विजेता टीम को ₹5000 और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया, बेस्ट बॉलर, बेस्ट बैट्समैन, बेस्ट क्षेत्ररक्षण, करने वाले खिलाड़ियों को ट्रॉफी और कुछ कैश देकर सम्मानित किया गया, सभी क्रिकेट खिलाड़ियों ने अंपायर के निर्णय को सर्वमान्य मानकर अच्छे निर्णय का स्वागत किया। सायन फाइटर का नेतृत्व करने वाले कप्तान डॉ शेषधर बिंद, और उप कप्तान रमेश बिंद ने कुशल अनुभव का परिचय देते हुए अपनी टीम को प्रथम स्थान दिलाने में कामयाब रहे, सायन फाइटर के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया जिसमें सुनील कुमार बिंद, नागेंद्र बिंद ,धीरज बिंद के बल्लेबाजी ने दर्शकों को मन मुक्त कर दिया, शिवसागर साहनी के खूबसूरत क्षेत्र रक्षण का दर्शकों ने खूब सराहना की, सचिन निषाद की फिरकी तेज धारदार गेंदबाजी ने लगातार पांच गेंद पर पांच विकेट लेकर बल्लेबाजों की कमर तोड़ दी, बेहतरीन गेंदबाजी करने वाले सचिन निषाद के सम्मान में दर्शकों और खिलाड़ियों के तालियों के गड़गड़ाहट से पूरा वर्ली स्पोर्ट्स क्लब गूंज उठा।

टीम के रूप में शामिल, ठाणे लायंस घाटकोपर सुपर किंग, जोगेश्वरी राइडर, सायन फाइटर, वर्ली ब्लास्टर, कुर्ला अवेंजर, वसई टाइगर, टिटवाला इंडियन ,सूरत स्ट्राइकर, टिटवाला टाइगर, यह सभी दसों टीमों के कप्तान और खिलाड़ियों ने क्रिकेट प्रेमियों को बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए मैदान में आए हुए खिलाड़ियों और दर्शकों का वाह वाही बटोरने में कामयाब रहे ,सभी टीमों के खिलाड़ियों का खेल देखते बन रहा था, गगनचुंबी चौको और छक्कों ने दर्शकों में उत्साह भर दिया, कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहे शिवसेना नेता राहुल रमेश शेवाले साहब, सुनील शिंदे साहब, पूर्व नगर सेवक महाराष्ट्र नव निर्माण सेना के नेता संतोष धुरी साहब, कपड़ा व्यापारी सतिंदर पाल सिंह आहुजा, मुंबई अध्यक्ष ऑल इंडिया एंटी टेररिस्ट फ्रंट , जौनपुर के युवाओं के दिलो में जगह बनाने वाले भोजपुरी कॉमेडियन उमेश निषाद ने अपने भोजपुरी अंदाज में दर्शकों का खूब मनोरंजन कराया,एवं तमाम स्वजातिय बंधुओं, तथा स्वजातीय दिग्गजों का जमावड़ा पूरे दिन लगा रहा, बिंद समाज विकास संघ ने सभी स्वजातीय युवाओं और खिलाड़ियों को आ''ान किया कि, रुकना नहीं है, थकना नहीं है- जब तक मंजिलें अपना नहीं है, संघ ने सभी खिलाड़ियों को एवं सहयोगियों और दर्शकों को इस भव्य आयोजन को सफल बनाने के लिए दिल की गहराइयों से बहुत-बहुत धन्यवाद दिया।

## भारत सरकार ने इस प्रजासत्ताक दिन पर कुछ अहम लोगों को पद्मश्री अवार्ड से नवाजा

**मुंबई,** केंद्र सरकार ने 75 वें गणतंत्र दिवस समारोह की पूर्व संध्या यानी गुरुवार शाम प्रतिष्ठित पद्म पुरस्कारों की घोषणा की थी। जिनमें भारत की पहली मादा हाथी महावत पार्बती बरुआ को इस साल पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। वहीं, पद्म विभूषण से मशहूर अभिनेत्री वैजयंती माला बाली, कोनिदेला चिरंजीवी, एम वेंकैया नायडू, बिंदेश्वर पाठक (मरणोपरांत) और पद्मा सुब्रमण्यम को सम्मानित किया गया है। पद्म भूषण पुरस्कार पाने वालों में सर्वोच्च न्यायालय की पहली महिला न्यायाधीश मुख्य न्यायाधीश एम फातिमा बीवी (मरणोपरांत), अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती और बॉम्बे समाचार के मालिक होर्मूसजी एन क नाम शामिल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर उन सभी लोगों को बधाई दी है, जिन्हें पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। कहा कि भारत विभिन्न क्षेत्रों में उनके योगदान को महत्व देता है। वे अपने असाधारण कार्यों से लोगों को प्रेरित करते रहें।

आइए, जानते हैं कि किन-किन महान हस्तियों को मिला सम्मान?

5 पद्म विभूषण से सम्मानित

वैजयंती माला बाली (कला) - तमिलनाडु

कोनिडेला चिरंजीवी (कला) - आंध्र प्रदेश

एम वेंकैया नायडू (सार्वजनिक मामले) - आंध्र प्रदेश

बिंदेश्वर पाठक (सामाजिक कार्य) - बिहार

पद्मा सुब्रह्मण्यम (कला) - तमिलनाडु

पद्म भूषण 2024 से ये सम्मानित

एम फातिमा बीवी (सार्वजनिक मामले) - केरल

होर्मूसजी एन कामा (साहित्य एवं शिक्षा) - महाराष्ट्र

मिथुन चक्रवर्ती (कला) - पश्चिम बंगाल

सीताराम जिंदल (व्यापार और उद्योग) - कर्नाटक

यंग लियू (व्यापार और उद्योग) - ताइवान

अश्विन बालचंद मेहता (मेडिसिन) - महाराष्ट्र




सत्यब्रत मुखर्जी (सार्वजनिक मामले) - पश्चिम बंगाल

राम नाईक (सार्वजनिक मामले) - महाराष्ट्र

तेजस मधुसूदन पटेल (मेडिसिन) - गुजरात

ओलानचेरी राजगोपाल (सार्वजनिक मामले) - केरल

दत्तात्रेय अंबादास मयालू उर्फ राजदत्त (कला) - महाराष्ट्र

तोगदान रिनपोछे (अन्य - अध्यात्मवाद) - लद्दाख

प्यारेलाल शर्मा (कला) - महाराष्ट्र

चन्द्रेश्वर प्रसाद ठाकुर (चिकित्सा)- बिहार

उषा उथुप (कला) - पश्चिम बंगाल

विजयकांत (कला) - तमिलनाडु

कुन्दन व्यास (साहित्य एवं शिक्षा- पत्रकारिता)-महाराष्ट्र

पद्म श्री 2024 से सम्मानित

गुमनाम नायक पारबती बरुआ - भारत की पहली मादा हाथी महावत

चामी मुर्मू - प्रसिद्ध आदिवासी पर्यावरणविद्

संगथंकिमा - मिजोरम की सामाजिक कार्यकर्ता

जागेश्वर यादव - आदिवासी कल्याण कार्यकर्ता

गुरविंदर सिंह-सिरसा के दिव्यांग सामाजिक कार्यकर्ता

सत्यनारायण बेलेरी - कासरगोड के चावल किसान

दुखु माझी - सिंदरी गांव के आदिवासी पर्यावरणविद्

के चेल्लाम्मल - अंडमान के जैविक किसान

हेमचंद मांझी - नारायणपुर के चिकित्सक

यानुंग जमोह लेगो - अरुणाचल प्रदेश के हर्बल चिकित्सा विशेषज्ञ

सोमन्ना - मैसूरु के आदिवासी कल्याण कार्यकर्ता

सरबेश्वर बसुमतारी - चिरांग के आदिवासी किसान

प्रेमा धनराज - प्लास्टिक सर्जन और सामाजिक कार्यकर्ता

उदय विश्वनाथ देशपांडे - अंतरराष्ट्रीय मल्लखंभ कोच

यज्दी मानेकशा इटालिया - सिकल सेल एनीमिया में विशेषज्ञ माइक्रोबायोलॉजिस्ट

शांति देवी पासवान और शिवन पासवान - पति-पत्नी की जोड़ी गोदना चित्रकार

रतन कहार - भादू लोकगायक

अशोक कुमार विश्वास - विपुल टिकुली चित्रकार

बालकृष्णन सदनम पुथिया वीटिल - प्रतिष्ठित कल्लुवाझी कथकली नर्तक

उमा माहेश्वरी डी - महिला हरिकथा प्रतिपादक

गोपीनाथ स्वैन - कृष्ण लीला गायक

स्मृति रेखा चकमा - त्रिपुरा की चकमा लोनलूम शॉल बुनकर

ओमप्रकाश शर्मा - माच थिएटर कलाकार

नारायणन ईपी - कन्नूर के अनुभवी थेय्यम लोक नर्तक

भागवत पधान - सबदा नृत्य लोक नृत्य विशेषज्ञ

सनातन रुद्र पाल - प्रतिष्ठित मूर्तिकार

बदरप्पन एम - वल्ली ओयिल कुम्मी लोक नृत्य के प्रतिपादक

जॉर्डन लेप्चा - लेप्चा जनजाति के बांस शिल्पकार

माचिहान सासा - उखरुल का लोंगपी कुम्हार

गद्दाम सम्मैया - प्रख्यात चिंदु यक्षगानम थिएटर कलाकार

जानकीलाल - भीलवाड़ा के बहरूपिया कलाकार

दसारी कोंडप्पा - तीसरी पीढ़ी के बुर्रा वीणा वादक

बाबू राम यादव - पीतल मरौरी शिल्पकार

नेपाल चंद्र सूत्रधार - तीसरी पीढ़ी छऊ मुखौटा निमार्ता

**बॉलीवुड का भी नाम रोशन**

वैजयंती माला को भारतीय सिनेमा की बेहतरीन अदाकारा और डांसर में से एक माना जाता है। 1955 की फिल्म ह्यदेवदासह्न में चंद्रमुखी के किरदार के लिए उन्होंने खूब प्रशंसा बटोरी। वह बीआर चोपड़ा की ह्यनया दौरह्न का भी हिस्सा थीं, जिसमें उन्होंने दिवंगत अभिनेता दिलीप कुमार के साथ अभिनय किया था। वहीं, मिथुन ने अपने अभिनय करियर की शुरूआत मृगया (1976) से की। अपने अभिनय के लिए उन्होंने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीता। बाद में, उन्होंने ताहादेर कथा (1992) और स्वामी विवेकानंद (1998) में अपनी भूमिकाओं के लिए दो और राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीते।

**(प्रतिनिधि द्वारा)**

## एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## चुनार ओलंपिक के तत्वावधान में आयोजित हुआ कार्यक्रम

### बहे खून मेरा चमन के लिए मेरी जान जाएगी वतन के लिए कव्वाली पर झूमे श्रोता

**(शिवा शर्मा)**

**चुनार।** गणतंत्र दिवस पर चुनार ओलंपिक के तत्वावधान में



चुनार ओलंपिक द्वारा एक शाम शहीदों के नाम आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय गीत की प्रस्तुति करते हुए कलाकार।



चुनार ओलंपिक द्वारा एक शाम शहीदों के नाम आयोजित कार्यक्रम में बैठे हुए नगर के सम्मानितजन।

गंगेश्वरनाथ स्थित एक लान में ''एक शाम शहीदों के नाम'' कार्यक्रम आयोजित हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मेजर कृपा शंकर सिंह, डॉ सत्यवान श्रीवास्तव, ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की तारा दीदी जगदीश भाई ने सुभाषचंद्र बोस, भगत सिंह के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया ।तत्पश्चात जादू के कार्यक्रम में प्रख्यात जादूगर राठी ने हाथों के जादू का विभिन कमाल दिखाकर लोगों का मन मोह लिया।इसके बाद राष्ट्रीय गीत की प्रस्तुति नामचीन कलाकार इंदू सोनाली ने ''मुझे विश्वास है मेरे घर राम आएगें'' राष्ट्रीय गीत ऐ मेरे वतन के लोगों, इंदल यादव ने ''बहे खून मेरा चमन के लिए, मेरी जान जाएगी वतन के लिए'' दिब्याश विश्वकर्मा ने संदेशे आते हैं मुझे तडपाते है कि ये घर तुम बिन सूना सूना है, सदानंद ने राम भक्त ले चला रे राम की निशानी आदि भक्ति गीतों से श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।

**चुनार गौरव से हुए सम्मानित**

**चुनार।** चुनार ओलंपिक द्वारा एक शाम शहीदों के नाम आयोजित कार्यक्रम के शुरूआत में मुख्य अतिथि मेजर कृपा शंकर सिंह द्वारा साहित्य के क्षेत्र में अनवर अली अनवर, पत्रकारिता के क्षेत्र में सरदार रणवीर सिंह शिक्षा के क्षेत्र में अखिलेश पांडेय, सुधीर सिंह खेल के क्षेत्र में महेश साहनी एवं सामाजिक क्षेत्र में डॉ सत्यवान श्रीवास्तव को चुनार गौरव का सम्मान पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया।क्षेत्र में कुशल कानून व्यवस्था बनाएं रखने के लिए कोतवाल नरेन्द्र कुमार सिंह को भी संस्था द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान, अनिल गुप्ता, विनोद सिंह,ब्रह्मानंद कुशवाहा, प्रदीप रस्तोगी, दिनेश सिंह, राजेन्द्र चौहान आदि मौजूद रहे।मंच का संचालन दंत चिकित्सक डॉ श्रीप्रकाश श्रीवास्तव ने किया। आगंतुकों के प्रति आभार कार्यक्रम संयोजक अफसर अली ने व्यक्त किया।



## संपादकीय

छोटे लाल शर्मा, प्रधान संपादक

# भारतीय अर्थव्यवस्था में गति

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के पहले अग्रिम अनुमान के मुताबिक भारतीय अर्थव्यवस्था के चालू वित्त वर्ष में 7.3 फीसदी की दर से बढ़ने की उम्मीद है जबकि वर्ष 2022-23 में इसने 7.2 फीसदी की दर से वृद्धि हासिल की थी। अभी कुछ तिमाही पहले तक अर्थव्यवस्था अधिकांश विश्लेषकों के अनुमान से तेज गति से बढ़ रही थी। बहरहाल, संभव है कि भारतीय अर्थव्यवस्था में जो गति नजर आ रही है वह समाज के बड़े तबके को लाभ नहीं पहुंचा रही है। महामारी के बाद आर्थिक सुधार की प्रकृति को लेकर काफी बहस हुई है। एक नजरिया यह है कि इस सुधार ने आबादी के उस तबके की बेहतरी में अधिक योगदान किया है जो पहले से अच्छी स्थिति में है। आंशिक तौर पर ऐसा उसके औपचारिक स्वरूप के कारण हुआ। चाहे जो भी हो अगर महामारी के बाद सुधार की बहस को एक तरफ कर दिया जाए तो भी भारतीय श्रम बाजार का ढांचा और अधिक नीतिगत तवज्जो का अधिकारी है। आबादी का बहुत बड़ा हिस्सा ग्रामीण इलाकों में रहता है और वहां रोजगार के हालात समग्र मांग पर बहुत बड़ा असर डाल सकते हैं। इस संदर्भ में यह बात ध्यान देने लायक है कि पिछले दिनों इंडियन एक्सप्रेस के एक आलेख में प्रस्तुत तथा अर्थशास्त्री अशोक गुलाटी और उनके सहयोगी द्वारा विश्लेषित आंकड़े बहुत उत्साहित करने वाली तस्वीर नहीं पेश करते। वर्ष 2004-05 से 2008-09 के बीच कमजोर प्रदर्शन के बाद, 2009-10 और 2013-14 के बीच ग्रामीण इलाकों में वास्तविक कृषि एवं गैर कृषि मेहनताने में सालाना क्रमशः 8.6 फीसदी और 6.9 फीसदी की दर से बढ़ोतरी हुई। अगले पांच वर्ष के दौरान वृद्धि दर में गिरावट आई और यह करीब तीन फीसदी रह गई। बहरहाल, गत पांच वर्षों में यानी 2019-20 से 2023-24 की अवधि में ग्रामीण क्षेत्र के वास्तविक मेहनताने में वार्षिक वृद्धि दर नकारात्मक रही है। ऐसा कृषि और गैर-कृषि दोनों क्षेत्रों में हुआ है। वास्तविक मेहनताने में कमी का असर आबादी के इस हिस्से की मांग पर भी पड़ेगा। इससे अंग्रेजी वर्णमाला के 'के' शब्द की आकृति (अर्थव्यवस्था के कुछ हिस्सों में तेज वृद्धि और कुछ में तेज गिरावट) का सुधार या वृद्धि देखने को मिल सकती है। रुझान बताते हैं कि 2009-10 से 2013-14 के अलावा ग्रामीण मेहनताने में इजाफा काफी कमजोर रहा है। यह बात व्यापक ढांचागत दिक्कतों की ओर ध्यान दिलाती है। देश की बहुत बड़ी आबादी आजीविका के लिए कृषि पर निर्भर है। कृषि कामगारों की तादाद में लगातार कमी आने का सिलसिला कोविड-19 महामारी के दौरान थम गया था। मामूली सुधार के बाद 2022-23 में 45.8 फीसदी श्रम शक्ति अभी भी कृषि कार्यों में लगी हुई है। यह ध्यान देने वाली बात है कि चालू वर्ष में देश के सकल मूल्यवर्धन में कृषि क्षेत्र का योगदान 14 फीसदी से कुछ अधिक होने का अनुमान है। कच्चे माल और उत्पन्न माल पर मूल्य समर्थन के साथ भी देश की करीब 46 फीसदी श्रम शक्ति केवल 14 फीसदी उत्पादन करती है। ऐसे में इस क्षेत्र के मुनाफे और मेहनताने पर दबाव बनना तय है। ऐसे में नीतिगत प्राथमिकता यह होनी चाहिए कि अधिक से अधिक लोगों को कृषि क्षेत्र से बाहर निकाला जाए। बीते वर्षों के नीतिगत हस्तक्षेप से वांछित परिणाम नहीं हासिल हुए हैं। इतना ही नहीं कृषि क्षेत्र की उत्पादकता भी कमजोर रही है। इसकी एक वजह किसानों की छोटी जोत का होना भी है। घरेलू मुद्रास्फीति को रोकने के लिए निर्यात प्रतिबंधित करने वाले सरकारी हस्तक्षेप ग्रामीण इलाकों में निवेश और वृद्धि को प्रभावित करते हैं। बहरहाल, नीतिगत नजरिये से देखें तो ग्रामीण मेहनताने की स्थिति केवल समग्र रोजगार की स्थिति को दशार्ता है।

# नंदवंशी चेरीटेबल ट्रस्ट, गुजरात, अहमदाबाद जिला इकाई ने मनाया जननायक कर्पूरी ठाकुर जी की जयंती

**जौनपुर,** नंदवंशी चेरीटेबल ट्रस्ट, गुजरात अहमदाबाद जिला ने दिनांक 25/01/2024 दिन



गुरुवार को गरीबों, शोषितों, वंचितों एंव जन जन के मसीहा, बिहार में सर्वप्रथम '27'पिछड़ी जातियों के लिए आरक्षण लागू करने वाले,भारत रत्न से सम्मानित महान लोकप्रिय राजनैतिज्ञ बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर जी की शताब्दी जन्मोत्सव यानि कि 100 वॉ जन्मदिवस (स्वर्ण जयंती) एंव इसी दिन इन्हें भारत रत्न से नवाजा गया, इस दोहरी खुशी के रुप में इनके जन्म दिवस को एक त्योहार के रूप में N.C.T. के प्रदेश अध्यक्ष माननीय श्री कन्हैयालाल शर्मा जी की अध्यक्षता एंव उनके मार्गदर्शन में बड़ी ही धूमधाम एंव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दोहरी खुशी के वजह से इस खुशी में सोने पे सुहागा जैसा माहौल हो गया है।

इस कार्यक्रम में आये हुए हमारे मुख्य अतिथि आदरणीय श्री राम गगन शर्मा (सेवा निवृत्त अध्यापक), आदरणीय श्री भजराम सेन (सेवा निवृत्त अध्यापक)

# लालजी शर्मा ग्राम प्रधान जी का मुंबई आगमन पर भव्य सत्कार



**मुंबई,** लालजी शर्मा ग्राम प्रधान परानपुर का मुंबई आगमन पर अनिल शर्मा ने किया भव्य सत्कार उनके साथ आए युवा साथी मुकुंद लाल शर्मा जी का भी स्वागत किया गया साथ में उपस्थित गोपाल शर्मा, गौरव शर्मा मीडिया प्रभारी, अजय शर्मा क्षेत्र पंचायत सदस्य आलमगंज, मंजेश शर्मा , श्याम जी शर्मा व आदि लोग उपस्थित थे।

# दिनेश शर्मा संस्था अध्यक्ष जी को कर्पूरी जी का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान करते रामनिहोर शर्मा

**जौनपुर,** दिनेश शर्मा संस्था अध्यक्ष भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा सीमित के कार्य कुशलता को देखते हुए अनिल



शर्मा मुंबई के बड़े भाई रामनिहोर शर्मा मलाई ने भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा सिमिति द्वारा आयोजित जननायक कर्पूरी ठाकुर जी के स्वर्ण जयंती के शुभ अवसर पर हजारों के संख्या में जुटे लोगो के समक्ष भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर जी का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किए और अनिल शर्मा मुंबई ने कहा ये सम्मान दिनेश जी का ही केवल नहीं था ये सम्मान भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा सीमित के सभी ऊजार्वान पदाधिकारियों व समस्त सदस्य गण का था क्यों की दिनेश शर्मा एक व्यक्ति है संस्था के लोग उनकी ताकत है। अनिल शर्मा ने सभी पदाधिकारियों व सदस्यो को सफल कार्यक्रम के लिए दिए बधाई।

# वरिष्ठ समाज सेवक बच्चन शर्मा की धर्म पत्नी के के तेरहवीं कार्यक्रम में सम्मलित हुए समाज के गणमान्य

**जौनपुर,** दिनाक 25जनवरी को बाबू क्षमा पति शर्मा (बच्चन बाबू) के यहां उनकी धर्म पत्नी स्व.जड़ावती मा. रामनारायण शर्मा भदोही उपा अध्यक्ष भाई मोहित शर्मा अभोली अध्यक्ष शतीश शर्मा कार्य कारणीय



देवी के तेरहवा का कार्य कर्म बड़े हीं शान्ति पूर्वक सम्पन हुआ वहा बड़े दूर दराज से स्वजाती भाई उपस्थित हुए भदोही और जौनपुर मिर्जापुर वाराणसी तक के चौधरीका बाबू जी के यहाँ उपस्थित हुए भारतीय नाई समाज के भदोही जिले के सभी पद के आला कमान अध्यक्ष श्री कैलाश नाथ शर्मा संगठन मंत्री राजेश शर्मा, डा. कलंदर शर्मा कोसा अध्यक्ष सदस्य गण व तमाम लोग उपस्थित हुए माता जी के चरणों में सभी लोगो ने। भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी पूर्व प्रधान लक्षण धारी शर्मा ने सुचारू रूप के श्रद्धांजलि सभा का संचालन किए महाराष्ट्र मुंबई से अनिल शर्मा ने भी माता जी के चरणों में भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित किए आने वाले मेहमानो का बाबू बच्चन शर्मा ने स्वागत किए।

राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक समाचारपत्र
**कदम कदम पर**
संरक्षक
**जे.पी. शर्मा**
संपादक
**छोटेलाल शर्मा**
०९८१९८६२१७२
प्रबंध संपादक
**अनिल शर्मा**
०९८३३३२९७२१
उप संपादक
**हरिशंकर शर्मा (मुन्ना)**
**राजन शर्मा**
**शंकर शर्मा (शिवा)**
मीडिया प्रभारी, उत्तर प्रदेश।
आर्थिक सलाहकार
**सतीशचंद्र गुप्ता**
प्रतिनिधि
**सौरभ उमेश प्रताप सिंह**
**राजेश कुमार शर्मा**
**कानूनी सलाहकार**
**एड. बी.एम. शर्मा**
**एड. आर. आर. शर्मा**
**एड. भाष्करानंद द्विवेदी**
मो. ९४५२७९१५७०
**(न्याय क्षेत्र मुंबई)**
**सभी पद अवैतनिक हैं**
व्हॉट्सएप नं. ९८३३२३५०६३

# नालासोपारा में मनाया गया भव्य भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर जयंती अशोक शर्मा



**नालासोपारा,** अखिल भारतीय सविता महासंघ द्वारा आयोजित नालासोपारा में भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर जी का भव्य स्वर्ण शताब्दी जयंती मनाया गया कार्यक्रम आयोजक अशोक शर्मा महामंत्री, युवा नेता राहुल शर्मा, शुशील शर्मा पालघर अध्यक्ष, सचिन शर्मा अध्यक्ष नालासोपारा, कार्यक्रम अध्यक्ष जे पी शर्मा व समाज के वरिष्ठ समाज सेवक जयपाल शर्मा, अनिल शर्मा, सभाजीत शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, छोटेलाल शर्मा, कलेक्टर शर्मा, लालाजी शर्मा, जयनाथ शर्मा, राजेश शर्मा, अजय शर्मा, वरुण शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा, नवनीश शर्मा, शिवप्रसाद शर्मा, गोपाल शर्मा, श्याम जी शर्मा, कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हजारों के संख्या में लोग उपस्थित हुए सभी वक्ता गण ने भारत रत्न जननायक कर्पूरी जी के जीवनी पर प्रकाश डाला और उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिए कार्यक्रम का सुचारू रूप से संचालन अशोक शर्मा महामंत्री जी ने किया आने वाले मेहमानों का स्वागत व आभार राहुल शर्मा, शुशील शर्मा, सचिन शर्मा ने किया।

# धूमधाम से मनाया गया जननायक का जन्म शताब्दी समारोह

**मछलीशहर** – जौनपुर शोषित वंचित समाज के मसीहा विकास के सोपान में अंतिम पायदान पर बैठे हुए व्यक्ति के लिए उम्मीद की एकमात्र किरण,नाई समाज के लिए प्रेरणा स्त्रोत, भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर जी का जन्म शताब्दी समारोह आल इंडिया महापद्मनंद कम्युनिटी एजुकेटेड एसोसिएशन के तत्वावधान में मछली शहर स्थित बधवा बाजार में आदर्श ननकू राम महाविद्यालय के प्रांगण में बहुत ही धमधाम तथा भव्य तरीके से मनाया गया. इस कार्यक्रम



मेंजौनपुर,भदोही,इलाहाबाद,प्रतापगढ़ के अलावा जनपद जौनपुर के विभिन्न क्षेत्र से आए हुए स्वजातीय समाज के लोग इस कार्यक्रम को सफल बनाने के साक्षी रहे, भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर जी के जीवन वृतांत के बारे में वक्ताओं ने विस्तार से प्रकाश डाला.कुछ वक्ताओं ने सामाजिक अभिशाप के रूप में जड़ें जमा चुके दहेज प्रथा अशिक्षा जैसे मुद्दों को चर्चा का केंद्र बनाया. कुछ अन्य वक्ताओं ने जननायक के चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए समाज को शिक्षित रहने संगठित रहने तथा अपने अधिकारों को पाने के लिए संघर्ष करने की बात भी कहा. कार्यक्रम में ऑल इंडिया महापद्मनंद कम्युनिटी एजुकेटेड एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष इंद्रजीत शर्मा संस्था के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा,लक्ष्नधारी शर्मा ''पूर्व प्रधान'' ओंकारनाथ शर्मा, बाबू बच्चन शर्मा के अलावा सैकड़ो लोगों ने अपने विचार व्यक्त किया.

वक्ताओं की कड़ी में बोलते हुए प्रकाश शर्मा ने कहा की कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न भले ही देर से मिला हो लेकिन कर्पूरी ठाकुर तथा नाई समाज को यथोचित सम्मान देने का कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है और सभा में उपस्थित सभी लोगों ने मोदी जिंदाबाद के नारे भी खूब लगाए.इसी कड़ी में आगामी 17 फरवरी को कर्पूरी ठाकुर के पुण्यतिथि के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम की रूपरेखा भी उपस्थित लोगों ने बनाई इस जन्म शताब्दी समारोह कार्यक्रम में दिनेश शर्मा, अशोक शर्मा,मनोज शर्मा, मंडल अध्यक्ष अवधेश शर्मा के अलावा बृजेश शर्मा एडवोकेट बड़े लाल शर्मा,अजय शर्मा, सुनील शर्मा संरक्षक, देवानंद शर्मा, प्रमोद शर्मा,प्रेम शंकर शर्मा,अनिल शर्मा, राजेश शर्मा, के अलावा सैकड़ो की संख्या में क्षेत्रीय महिलाएं और बच्चियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराया कार्यक्रम के समापन पर संस्था की तरफ से 50 योग्य महिलाओं को कंबल वितरण भी किया गया कार्यक्रम को सकुशल सफल बनाने के लिए तथा दूर दराज के क्षेत्र से आए हुए लोगों को इस कार्यक्रम में अपने गरिमा में उपस्थिति देने के लिए एमसीईए के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा ने सभी आगंतुकों को धन्यवाद ज्ञापित किया.

# चुनार में धूमधाम से फहरा तिरंगा, विविध कार्यक्रमों के हुए आयोजन

(शिवा शर्मा)

**चुनार।** गणतंत्र दिवस पर तहसील में उपजिलाधिकारी चंद्रभानु सिंह, नगर पालिका कार्यालय में पालिकाध्यक्ष मंसूर अहमद, नरायनपुर ब्लाक में प्रमुख चन्द्रप्रकाश सिंह, कोतवाली में नरेन्द्र कुमार सिंह कोतवाल, बार भवन में अध्यक्ष महेन्द्र सिंह, शैक्षणिक संस्थान संत राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ पी0एन0डोगरें, थॉमस स्कूल में फादर विसेंट परेरा, ग्लेनहील स्कूल में चेयरमैन आफताब अहमद,प्रिसिंपल डी0के0मिश्रा, विन्ध्य गुरूकुल कालेज में प्राचार्य आशीष मिश्रा, फामेर्सी कालेज की प्राचार्या डॉ सुशीला गुप्ता, द रेडिएंट इंटरनेशनल स्कूल में चेयरमैन डॉ एस के सिंह,प्रिसिंपल संजय श्रीवास्तव, डॉ सविता मेमोरियल ग्लोबल एकेडमी स्कूल में नायब तहसीलदार संजय सिंह, डॉ गौरीशंकर मेमोरियल विद्या मंदिर में प्रधानाचार्या ममता सिन्हा, उदित नगर स्थित दुखईराम सिंह इंटर कालेज में प्रधानाचार्या पूनम सिंह, जेएस पब्लिक स्कूल में प्रबंधक अखिलेश सिंह, श्री हीरालाल वर्मा इंटर कालेज में प्रबंधक अवधेश वर्मा ने ध्वजारोहण किया।सुबह नगर में समर्थ सिंह पटेल के नेतृत्व में तिरंगा जुलूस निकाला।

हाथों में तिरंगा झंडा लहराते हुए भारत माता की जय, बंदे मातरम के जयघोष के साथ जुलूस में भारी संख्या में युवा शामिल रहे।

# जननायक कर्पुरी जी को भारत रत्न घोषणा पर मा. प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी जी का आभार

**वाराणसी,** पिछड़ो व मजदूर किसान, गरीबो की आवाज उठाने वाले जननायक कपूर्रीठाकुर जी को भारत रत्न की घोषणा होने पर पूरे नाई समाज में हर्षों उल्लास छा गया ! माननीय मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिसद जिला अध्यक्ष वाराणसी के द्वारा कर्पुरी ठाकुर जी मुख्यालय पर कपूर्री ठाकुर जी के पार्क का सुंदरीकरण व वाराणसी जिले के हर विधानसभा में कपूर्री ठाकुर जी के नाम एक सड़क



की घोषणा की है यह घोषणा वाराणसी मण्डल के वरिष्ठ नेता फौजदारशर्मा के देख रेख में किया गया !

# प्रथम पुण्यतिथि कार्यक्रम सम्पन्न

आपको विदित हो कि मेरी परम-पूज्या माताजी स्व० श्रीमती दुलारी सिंह धर्मपत्नी स्व० श्री राजबली सिंह पुत्री स्व० श्रद्धेय माननीय श्री दलसिंगार



सिंह ग्राम -शेरपुर गोपलहां, पोस्ट -दुगार्गंज, जनपद -भदोही की मृत्यु 88 वर्ष की आयु में दिनांक 07.01.2023 को हो गई जिसके उपलक्ष्य में प्रथम पुण्यतिथि (बर्षी ) के अवसर प्रीति भोज का भव्य आयोजन शुक्रवार, दिनांक 26 जनवरी 2024 को सायं 5.00 बजे से सम्पन्न हुआ। जिसमें क्षेत्रीय ग्रामीण अंचल ग्राम शेरपुर, भंडा, भूलेन, पिलखिनी, जंघई, दुगार्गंज, मसुधी, जदूपुर, दमगढ़ा, कुढ़वा, नीबी, आनंद डीह, होलासराय, अभोली, रामईपुर, गडौरा, अभोली, खुटहा, सुरियावां, महरछा, कशिहान, राधईपुर तुलसीपुर, कढ़ार, चनेथु, लहौरा, सत्यभामापुर, चंपापुर, अनुआं, कटहरा, वारी, जगदीशपुर, सरायकांसराय, कमशीनी, करनपुर, बरना, झारी, महरेव पुरेंव जौनपुर, सौराई सुलतानपुर, प्रतापगढ़, वाराणसी, भदोही से अनेकों गणमान्य लोगों ने अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर प्रीति भोज में शामिल हुए।

श्रद्धेया माता जी का हरा भरा परिवार के पारिवारिक जन

**पुत्र एवम-पुत्र वधू**

श्री उमेश प्रताप सिंह, श्री रावेंद्र कुमार सिंह, श्रीमती माधुरी सिंह, श्रीमती अनिता सिंह

**पुत्रियां एवम-दामाद**

श्रीमती राधिका सिंह (हेमा सिंह), श्री बृजेन्द्र कुमार सिंह व श्रीमती कंचन सिंह (इंदू सिंह) श्री अनिल कुमार सिंह, श्रीमती सारिका संतोष कुमार सिंह, श्रीमती पुष्पा सिंह व श्रीमती बिंदू सिंह व अन्य

**नाती, नातिन, पोता, पोती,**

श्री सौरभ सिंह, श्री श्रेयांश सिंह, आशुतोष सिंह, श्रीमती अलका संजीत कुमार सिंह, श्रीमती पूजा विकास सिंह, श्रीमती रागिनी दिनेश सिंह, श्रीमती रश्मि पंकज सिंह, श्रीमती नीतू दुर्गेश सिंह, कुमारी शिवांगी , आस्था कुडालिका, कली, अयाना सिंह, जीवा सिंह, व अन्य

**परिवारिक जन**

सन्त बहादुर सिंह देवर

महेन्द्र प्रताप सिंह देवर


**भतीजा व बहू एवम-भतीजी**

श्रीमती मीना शिवप्रताप सिंह, श्रीमती सीमा अनिल कुमार सिंह, श्रीमती मीरा शैलेन्द्र कुमार सिंह, श्रीमती अंजना सतीश कुमार सिंह, श्रीमती सुनीता सुशील कुमार सिंह, राकेश कुमार सिंह, संदीप कुमार सिंह, मनीष कुमार सिंह, प्रवीण कुमार सिंह, अभिषेक सिंह, सिद्धार्थ सिंह, पियूष सिंह, अमन सिंह, सिद्धान्त सिंह, प्रियांशु,आदर्श सिंह व अन्य पारिवारिक जन

शिक्षण संस्थान

श्री राज बली सिंह एजुकेशनल ट्रस्ट मुंबई द्वारा संचालित

1. ग्लोबल इन्टर नेशनल स्कूल (CBSC)महरछा, जंघई, प्रयागराज
2. आर्या श्रीमती दुलारी सिंह कॉलेज ऑफ एजुकेशन एंड रिसर्च (बी० एड० कॉलेज) महरछा, जंघई, प्रयागराज
3. आर्या श्रीमती दुलारी सिंहए कॉलेज ऑफ एजुकेशन एंड रिसर्च (D.El.Ed.कॉलेज) महरछा, जंघई, प्रयागराज
4. आर्या श्रीमती दुलारी सिंह, कॉलेज ऑफ एजुकेशन एंड रिसर्च डिप्लोमा इन योगा, महरछा, जंघई, प्रयागराज



डाजाआयपाआर आरआसा - २०२३-२४ क्र-५/८ ७२००

# भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति ने हर्षोल्लास से मनाया भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर जयंती समारोह

**जौनपुर,** दिनांक 24 जनवरी को भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति के तत्वाधान में महान कर्मयोगी भारत रत्न उपाधि से सम्मानित जननायक कर्पूरी ठाकुर जन्म शताब्दी समारोह राष्ट्रीय कार्यालय समसपुर खपरहा में मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व सांसद जदयू राष्ट्रीय महासचिव आदरणीय धनंजय सिंह ,विशिष्ट अतिथि संजय सिंह सिकरारा ब्लाकप्रमुख थे कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री पूर्णमासी शर्मा जी ने सर्वप्रथम जननायक जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किये कार्यक्रम का संचालन अजय कुमार शर्मा संस्था मीडिया प्रभारी व प्रवक्ता सहसंचालक शैलेंद्र शर्मा संस्था प्रभारी एवं मुख्य सचिव ने किया कार्यक्रम में उपस्थित श्री प्रकाश चंद शर्मा वित्तीय सलाहकार सुनील शर्मा संरक्षक, श्री लक्षणधारी शर्मा संरक्षक ,श्री प्रेम शंकर शर्मा संरक्षक, सैलून संघ अध्यक्ष विनोद शर्मा जी,वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुन्नलाल शर्मा,रामचंद्र शर्मा जी संरक्षक, रविंद्र शर्मा उपाध्यक्ष ,भदोही जिला अध्यक्ष कैलाश नाथ शर्मा जी की जिला अध्यक्ष जौनपुर सुरेंद्र शर्मा ब्लॉक अध्यक्ष सुजानगंज मुकेश शर्मा ब्लाक महाराजगंज अध्यक्ष प्रदीप शर्मा ब्लॉक अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा तहसील अध्यक्ष बदलापुर श्याम बहादुर शर्मा युवा अध्यक्ष प्रदेश नंदवंशी राकेश शर्मा जौनपुर जिला के समस्त सम्मानित गढ़ ब्लॉक अध्यक्ष तहसील अध्यक्ष एवं समस्त कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे कार्यक्रम में महिलाओं ने बढ़-













चढ़कर हिस्सा लिए संस्था सचिव प्रमोद शर्मा जी गायक कलाकार ने कर्पूरी ठाकुर साहब के ऊपर अपने गायन कला के माध्यम से लोगों का दिल जीते संस्था अध्यक्ष श्री दिनेश चंद्र शर्मा जी एवं प्रधानमहासचिव ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किये माननीय मुख्य अतिथि जी ने जननायक कर्पूरी ठाकुर की आदमकद प्रतिमा को राष्ट्रीय कार्यालय पर लगवाने के लिए आश्वासन भी दिए संस्था कोषाध्यक्ष एवं उपकोषाध्यक्ष पंचम शर्मा ने सभी दानदाताओं का जो इस कार्यक्रम को सफल बनाने में पूरा सहयोग किये उनका कृतज्ञता व्यक्त किया.

स्मृति शेष बाबू राम आधार शर्मा जी के स्मृति में गरीबों को आदरणीय श्री गिरिजेश शर्मा के द्वारा कंबल वितरण किया गया एवं प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया आदरणीय श्री अनिल शर्मा संस्था वरिष्ट संरक्षक जी के द्वारा आये हुऐ अतिथियों का अंगवस्त्र, शाल, डायरीऔर कर्पूरी जी का प्रतिमा देकर सम्मानित किया गया.

मैं नंदवंशी शैलेंद्र शर्मा इस आयोजन को सफल बनाने में सभी राष्ट्रीय कमेटी जिला कमेटी समस्त तहसील कमेटी समस्त ब्लॉक कमेटी, सभी दानदाताओं का कार्यक्रम मेंउपस्थित माताओ, बहनों, बुजुर्गों, सम्मानित स्वजातीय भाईयो, छात्र-छात्राओं एवं आयोजन समिति को पुनः एक बार कोटी कोटी बधाई हार्दिक शुभकामनाएं एवं आभार व्यक्त करता हूं. नंदवंशी शैलेंद्र शर्मा संस्था प्रभारी/मुख्य सचिव संपर्क 8369149482

# एम डब्ल्यू ओ ने भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की स्वर्ण जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई; कर्पूरी फार्मूला लागू हो - श्रीकांत शर्मा

**गौरीगंज, अमेठी** : ''नहीं रहेगा भुखिया दुखिया, नहीं रहेगा कोई कंगाल।'' का संकल्प लेने वाले भूमिहीनों, गरीबों, मेहनतकशों के नेता बिहार प्रांत के पूर्व मुख्यमंत्री भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की स्वर्ण जयंती पर महापदमनंद वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन (एम डब्ल्यू ओ) की जिला इकाई अमेठी द्वारा रणंजय ग्राउंड, गौरीगंज में शताब्दी जन्मोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संगठन के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजमणि शर्मा एवं प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम शर्मा ने जननायक कर्पूरी ठाकुर जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वालित कर किया। भारत सरकार द्वारा कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत भारत रत्न सम्मान देने की घोषणा से उनके अनुयायियों में बहुत ही खुशी देखने को मिली। कार्यक्रम में पिछड़े समाज के लोगों का बड़ा जमावड़ा रहा। इलाहाबाद विश्वविद्यालय छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष रहे एडवोकेट राजेश शर्मा ने कर्पूरी ठाकुर फामूर्ला क्या है, इस पर विस्तार से चर्चा करते हुए जननायक कर्पूरी ठाकुर की सादगी और ईमानदारी तथा समाजवाद को स्वयं पर लागू करके जीवंत कर देने पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि दिनेश चंद्र शर्मा ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कल जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न सम्मान मिलेगा इसकी बड़ी खुशी है पर हम कर्पूरी ठाकुर के लोग भारत सरकार से यह मांग करते हैं कि वह अति पिछड़ा आयोग का गठन करे, आरक्षण में कर्पूरी ठाकुर फामूर्ला लागू करे, अति पिछड़ा वित्त एवं विकास निगम की स्थापना करके अति पिछड़े समाज के विकास की नीतियां बनाए। सभा को सम्बोधित करने वालों में संजय कनौजिया, राकेश शर्मा, दुर्गेश शर्मा, शिव देवी, सचिन शर्मा, राम सुमिरन शर्मा, इं. शिवप्रसाद वर्मा, सतीश शर्मा, हनुमान प्रसाद शर्मा, प्रमोद शर्मा गायक, सुखराम शर्मा सागर, ने सम्बोधित किया। वही जिला अध्यक्ष श्रीकांत शर्मा के नेतृत्व में सभी ब्लॉक अध्यक्षों के उपस्थिति में कलेक्ट्रेट पहुंचकर उप जिला अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को नामित तीन सूत्रीय मांग पत्र भेजा गया जिसमें उत्तर प्रदेश में कर्पूरी फामूर्ला





लागू करने व जननायक कर्पूरी ठाकुर जी के जन्म दिवस 24 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने एवं उनके नाम पर प्रदेश के सभी जनपदों में मुख्य सड़क का नामकरण करने की मांग की।

जनपद के 27 मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व उपहार देकर किया गया सम्मानित

जिला अध्यक्ष श्रीकांत शर्मा ने आये हुऐ सभी लोगों का आभार प्रगट किया। उदयराज शर्मा प्रांतीय सचिव व शिवदयाल शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर रंजीत शर्मा, राजेश शर्मा, संजीत शर्मा, माता प्रसाद शर्मा, रामलगन शर्मा, विनोद शर्मा, योगेंद्र शर्मा,दिनेश शर्मा,अरविन्द शर्मा, शिवकुमार शर्मा, संतोष शर्मा, संग्राम सिंह सविता, उदयभानु सविता, लाल बहादुर शर्मा, बजरंग उर्फ राजू शर्मा,ऋषि वर्मा, कृष्ण कांत शर्मा, श्रीकांत शर्मा, प्रवीण शर्मा, नरेश कुमार, दीपक शर्मा, मुकेश शर्मा, सूर्यनारण शर्मा, दूधनाथ शर्मा, विजय कुमार शर्मा सहित जिला तहसील एवं ब्लाक कमेटी के सभी सम्मानित पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को सफल करने के लिए निरंतर मुस्तैद रहे।

कार्यक्रम में रामकिशोर विश्वकर्मा, निर्मल विश्वकर्मा, मदनलाल साहू, संदीप गौतम, बासुदेव गिरी, लाल जी विश्वकर्मा, शैलेंद्र शर्मा अशोक कुमार शर्मा रामविलास शर्मा डॉक्टर राजेश शर्मा जगदीश सविता हरिहर शर्मा (मास्टर साहब) संतोष शर्मा, राम लखन शर्मा अरविंद शर्मा (पंडित) उमाशंकर (प्रबंधक जी) लाल जी शर्मा (कानूनगो साहब) अजीत शर्मा, अनुज शर्मा, शिवपूजन शर्मा,मातादीन शर्मा, राजेंद्र शर्मा, अशोक कुमार शर्मा (गुरु जी)आदि हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# अति पिछड़ो की एकजुटता ने दिलाया कर्पूरी ठाकुर को 'भारत रत्न'

**वाराणसी** - 24 जनवरी, मोदी सरकार ने कर्पूरी जयंती की पूर्व संध्या पर जननायक कर्पूरी ठाकुर जी को ''भारत रत्न'' देने की घोषणा कर दी। उनके इस घोषणा से सविता समाज के साथ-साथ समूची अति पिछड़ी जाति में जबरदस्त खुशी उत्साह की लहर है, उनके इस कदम को देख कर लगता है किआने वाले लोकसभा चुनाव में भी मोदी जी अति पिछड़ी जाति को लोकसभा चुनाव में टिकट देने का भी काम करेंगे उक्त उद्गार जयंती कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के वाराणसी के जिला अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सदस्य माननीय हंसराज विश्वकमार्जी नहीं व्यक्त की। श्री विश्वकर्मा जी ने जननायक कर्पूरी ठाकुर को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि मेरा दायित्व बनता है कि जननायक जी के इस प्रतिमा स्थल को और भी खूबसूरतऔर शानदार बनाऊं,, उन्होंने यह विश्वास दिलाया कि 1 साल के अंदर इस कर्पूरी ठाकुर प्रतिमा प्रांगण का कायाकल्प करा दिया जायेगा और इस प्रतिमा की जगह उनकी भव्य प्रतिमा स्थापित करा दी जाएगी । माड्ड विश्वकर्मा जी ने विभिन्न क्षेत्रो के कई मेधावी विद्याथीयों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया और उन्हे अपनी शुभकामनाएं भी दी सैलून एसोसिएशन ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री आनंद शर्मा ने कहा कि पिछले कई वर्षों से लगातार हम लोग देश प्रदेश के कोने-कोने में जाकर सभाएंएवं सम्मेलन कर कर्पूरी जी के जीवन के बारे में लोगों को अवगत कराते रहे और कर्पूरी जी के सम्मान में भारत रत्न की मांग करते रहे कल जननायक कर्पूरी ठाकुर जी को भारत रत्न देने की घोषणा मोदी सरकार ने की, हम सब सरकार की इस घोषणा का स्वागत करते है और भारत के प्रधानमंत्री एवं वाराणसी के लोकप्रिय सांसद माड्ड मोदी जी, गृहमंत्री माड्ड अमित शाह व भारत की महामहिम राष्ट्रपति जी के प्रति सादर आभार व्यक्त करते हैं । सैलून एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष श्री विजय प्रताप सविता ने कहा कि सन 2005 मे भारत के पूर्व प्रधानमंत्री माननीय विश्वनाथ



प्रताप सिंह जी द्वारा उद्घाटित यह प्रतिमा समाज की मेहनत, लगन, संघर्ष और सहयोग का परिणाम है किंतु इस प्रतिमा की अपेक्षा और पार्क की दुर्दशा माननीय प्रधानमंत्री जी के विचारों को चिढ़ाता है । भारत रत्न सम्मान के साथ-साथ इस प्रतिमा स्थल को एक भव्य और शानदार स्मारक स्थापित किया जाने की जरूरत है जो वाराणसी के सांसद और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री जी के द्वारा किया जाएगा यह हम सब का पूरा विश्वास है ।भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के अध्यक्ष श्री शोभनाथ मौर्या ने कहा कि आज प्रदेश ही नही. देश की राजधानी दिल्ली के विज्ञान भवन मे भारत सरकार के सांस्कृतिक मंत्रालय द्वारा जननायक कर्पूरी ठाकुर जी की 100 वी जन्म जयंती बड़े ही धूमधाम से मनायीं जा रही है और इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देश के गृहमंत्री माड्ड अमित शाह जी है । आनंद शर्मा, गोपाल शर्मा, मनोज शर्मा, भइया लाल शर्मा, अजय शर्मा आदि के नेतृत्व मे सैकड़ो की संख्या मे एक मोटरसाइकिल जलूस चंदौली बॉर्डर से चल कर क्रार्यक्रम स्थल पर ढोल नगाड़ो के साथ पहुंचा ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते श्री राम नारायण शर्मा ने जोरदार मांग रखते हुए कहा कि सरकार द्वारा गठित ''रोहिणी आयोग'' की रिपोर्ट को भी लागू किया जाय ताकि अतिपिछड़ो के साथ सामाजिक न्याय हो सके और उनका भी चौमुखी विकास हो सके।

वाराणसी कचहरी स्थित कर्पूरी ठाकुर पार्क मे जननायक कर्पूरी ठाकुर जी की 100 वी जन्म जयंती के अवसर पर लोगों ने कर्पूरी जी को भारत रत्न से सम्मानित किये जाने की खुशी मे एक दूसरे को मिठाई खिलाई और बधाई दी और घर घर दीपावली मनाने और घी का दीपक का भी निर्णय लिया साथ ही माड्ड प्रधानमंत्री जी के दिधार्यु की कामना की।

जयंती कार्यक्रम में सर्व श्री इंजी लल्लन शर्मा, जय नारायण शर्मा, आनंद शर्मा, डाड्ड पी एन शर्मा, दुर्गा प्रसाद शर्मा, अशोक शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा, भृगू नाथ ठाकुर, राजेश शर्मा, राम रेनू चंदन, अजय कुमार शर्मा, श्रीराम शर्मा, शिवपाल शर्मा, सुनील शर्मा, मनोज कुमार शर्मा, भैया लाल शर्मा, धीरज कपूर शर्मा, नीरज शर्मा, प्रभात शर्मा, राजकुमार शर्मा, प्रेमनाथ शर्मा, जनक शर्मा, गौरव शर्मा, फौजदार शर्मा, उमेश शर्मा, वीरेंद्र शर्मा, रामावतार शर्मा, गोपाल शर्मा, आलोक शास्त्री, दीनानाथ शर्मा, वीरेंद्र शर्मा, राम अवध शर्मा, डॉक्टर प्रदीप शर्मा, आशीष शर्मा, राम आशीष ठाकुर, ऋषिकेश शर्मा, विवेक शर्मा, ऋषिकेश शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा, गप्पू शर्मा, अनिल शर्मा, श्याम शर्मा, मुख्तार सलमानी, अमित शर्मा, सलाउद्दीन सलमानी, कृष्णशर्मा, इस्लाम सलमानी, सहित सैकड़ो लोग शामिल थे।जयंती कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री राम नारायण शर्मा ने की एवं संचालन राम रेनू चंदन ने किया।

यह साप्ताहिक मालिक, मुद्रक, प्रकाशक छोटेलाल शर्मा ने प्रचिता प्रिंट प्रा. लि. गाला नं.१३, मकाबा बिल्डिंग, एन. एम. जोशी मार्ग, भायखला (प.), मुंबई-४०००२७ से छपवाकर रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र यहां से प्रकाशित किया। संपादकः छोटेलाल शर्मा (मो. ०९८१९८६२१७२) Email : kadamkadampar1@gmail.com




**अयोध्या धाम के रूप में जेसल पार्क चौपाटी पर 22 से 28 जनवरी तक चलने वाले प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के सफल और अद्भुत कार्यक्रम के लिए श्री रवि व्यास और श्री संदीप अग्रवाल को हार्दिक बधाई देता हूं। जेसल पार्क चौपाटी राम प्राण प्रतिष्ठा के एक सप्ताह के उत्सव का यह वास्तव में आध्यात्मिक महत्व और सांस्कृतिक समृद्धि से भरा एक महत्वपूर्ण अवसर है। सप्ताह भर चलने वाले उत्सवों ने न केवल भक्ति प्रदर्शित की है बल्कि हमारे समुदाय के संबंधों को भी मजबूत किया है। इस उत्सव के दौरान जीवंत अनुष्ठानों, प्रार्थनाओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों को देखना एक ज्ञानवर्धक अनुभव रहा है। इसमें शामिल सभी लोगों के समर्पण और उत्साह ने उत्सव में एक अनोखा आकर्षण जोड़ दिया है। भगवान राम का दिव्य आशीर्वाद हमारा मार्गदर्शन करता रहे और हमारे जीवन में समृद्धि लाए। हम कामना करते हैं कि हम इस शुभ अवसर को एक साथ मनाते हुए खुशी और पूर्णता जारी रखें।**

**प्रस्तुतिः रामजीत वर्मा**

# राजनैतिक भागीदारी पाने को कपूर्री जी को भारतरत्न मिलने पर खुलकर हर्ष व्यक्त कीजिये

मित्रों, केंद्र सरकार द्वारा जननायक कपूर्री ठाकुर जी को भारतरत्न देने से हमारे समाजिक संगठनो की वर्षो पुरानी मांग एक झटके में पूरी हो गयी। अब भारतरत्न मिलने पर हमारे समाज के व्हाट्सअप ग्रुप में विरोधी दल के समर्थक हर्ष व्यक्त करने के बजाय यह कह रहे है कि सरकार ने इतनी देरी से क्यों दिया ? जयंती की पूर्व संध्या पर क्यों दिया ? लोकसभा चुनाव से पहले क्यों दिया ? भारतरत्न दिया तो कपूर्री फामूर्ला लागू क्यों नहीं किया ? आदि-आदि...

मित्रों, यह कड़वी सच्चाई है कि हमारे समाज और समाजिक संगठनों को कपूर्री ठाकुर जी सिर्फ जयंती वाले दिन ही याद आते है। हमारे संगठन कपूर्री जयंती पर ही वर्ष में मात्र एक दिन ही कपूर्री जी को भारतरत्न देने की मांग करते थे। तभी सरकार ने हमारे समाजिक संगठन की मांग का सम्मान रखते हुये उनकी जयंती की पूर्व संध्या पर भारतरत्न देने की घोषणा कर दी।

मित्रों, मा.मुलायम सिंह जी एवं मा.लालू प्रसाद जी खुद को खुले मंच पर जननायक कपूर्री ठाकुर जी का शिष्य कहते हैं, कपूर्री जी को अपना राजनैतिक गुरु एवं आदर्श मानते हैं। लेकिन इन दोनो मुख्यमंत्रियों ने जननायक कपूर्री जी की विचारधारा, आरक्षण में कपूर्री फार्मूला लागू करने और जननायक को भारतरत्न दिलाने के लिये क्या कभी कोई प्रयास किये ? जबकि कपूर्री जी के यह दोनो राजनैतिक शिष्य केंद्र की सरकारों में भी कई बार मंत्री भी रहे थे। क्या इन दोनो राजनेताओ ने कभी संसद में जननायक कपूर्री जी को भारतरत्न देने की पुरजोर मांग की ? बताईये...

मित्रों, कपूर्री जी को भारतरत्न मिलने के बाद बसपा सुप्रीमो मान्यवर कांशीराम जी को भारतरत्न देने की माँग मीडिया में बयान जारी करके करने लगी। मित्रों, बसपा सुप्रीमो ने लखनऊ में विशालकाय अम्बेडकर पार्क बनाकर उसमे तमाम बहुजन मूलनिवासी समाज के महापुरुषो की प्रतिमाये लगायी। क्या अम्बेडकर पार्क में आपके समाज के किसी महापुरुष की प्रतिमा लगी है ? क्या बसपा सुप्रीमो ने मुख्यमंत्री रहते हुए कपूर्री ठाकुर जी को भारतरत्न दिलाने, आरक्षण में कपूर्री फामूर्ला लागू कराने का कोई प्रयास किया ? बताईये...!! हमे तो सिर्फ यह याद है कि जब ओबीसी की कुछ जातियों को एससी में शामिल करने का प्रयास हुआ तब उन्होंने इसका डटकर विरोध किया। ओबीसी की उन जातियों को एससी में शामिल नहीं होने दिया। लेकिन जब सवर्णो की कुछ जातियों को ओबीसी में शामिल किया गया तब खुद को दलित-पिछडो की मसीहा कहने वाली सुप्रीमो ने चुप्पी साध ली। उनकी चुप्पी के कारण ही ओबीसी के 27 फीसदी आरक्षण में सवर्णो की साधन सम्पन्न कुछ जातीय भी शामिल हो गयी।

मित्रों, बर्तमान परिवेश में राजनीति बहुत अलग तरीके की हो गयी है। मोदी सरकार ने आरक्षण में कपूर्री फामूर्ला (समाजिक न्याय समिति की सिफारिशे) को लागू करने की बात कही, प्रयास किया। लेकिन जिस अतिपिछड़ा वर्ग को इस पुनीत कार्य से लाभ होता उस अतिपिछडा वर्ग में कोई उत्साह, जोश नहीं दिखा, यह वर्ग सरकार के इस सराहनीय, ऐतिहासिक कार्य, प्रयास की प्रशंसा करना तो दूर, खुलकर समर्थन तक में खड़ा नहीं दिखा। सरकार ने गुप्त सर्वे कराया देखा कि हम जिस अतिपिछड़ा वर्ग के लाभ के लिये समाजिक न्याय समिति की सिफारिशें लागू कर रहे है वह वर्ग खुलकर हमारे साथ तक नहीं आ रहा। वही इसे लागू करने के बाद पिछड़ा वर्ग की जिन अगड़ी जातियाँ को नुकसान होगा वह भी हमसे नाराज हो सकती है। वोट बैंक खिसक भी सकता है कही हम भी वीपी सिंह की तरह राजनैतिक हाशिये पर ना चले जाये। इसीलिए सरकार ने यह मुद्दा पेंडिंग में डाल दिया।

मित्रों, आज अपने समाज के जननायक कपूर्री ठाकुर जी को देश का सर्वोच्च सम्मान भारतरत्न दिया गया। लेकिन अपने समाज के किसी भी संगठन ने किसी चौराहे पर मिठाई नहीं बांटी, किसी चौराहे पर आतिशबाजी नहीं की। किसी चौराहे पर बधाई और हर्ष के होडिंग, बैनर, पोस्टर नहीं लगाये, किसी समाचारपत्र में कोई विज्ञापन तक नहीं छपवाया, किसी समाजिक संगठन के राष्ट्रीय, प्रदेश अध्यक्ष, महासचिव ने किसी समाचारपत्र, न्यूज चैनल में हर्ष व्यक्त करते हुए अपना बयान तक नहीं दिया...!! जबकि यही सम्मान, यही भारतरत्न किसी सवर्ण वर्ग या पिछड़े वर्ग की किसी अगड़ी जाति के व्यक्ति को मिला होता तो उसके समाज के संगठन, उनके नेता हर्ष में प्रत्येक चौराहो पर मिठाई बांटते, प्रत्येक चौराहो को जमकर आतिशबाजी करते, प्रत्येक चौराहो पर होडिग, पोस्टर, बैनर लगवाते, सभी समाचारपत्रों में बड़े-बड़े विज्ञापन छपवाते, प्रेसवार्ता करके अपने बयान जारी करते...!!

मित्रों, इसीलिए सरकार के प्रत्येक अच्छे प्रयास, कार्य, योजना के पक्ष में खुलकर आगे आना सीखिये, तभी सरकार आपके हित, विकास एवं कल्याण के कार्य खुलकर करने की हिम्मत दिखा पायेगी...

जय भारत, जय हिन्द।
जय कपूर्री, जय नन्द।।
लेखक - संतोष कुमार सैन
विपिन कुमार सविता

# जननायक कर्पूरी ठाकुर जी की सवी जयंती दिल्ली के सचिवालय के ऑडिटोरियम में मनाई गई

बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्वतंत्रता सेनानी सामाजिक आंदोलन के अग्रणी नेता भारत रत्न से सम्मानित जननायक कर्पूरी ठाकुर जी की सवी जयंती दिल्ली के सचिवालय के ऑडिटोरियम में मनाई गई यह कार्यक्रम पिछड़ा वर्ग आयोग



दिल्ली सरकार और चार कदम वेलफेयर फाउंडेशन ने मिलकर किया कार्यक्रम का उद्घाटन कर्पूरी जी के चित्र पर मल्लपुरम कर और दीप जलाकर दिल्ली के समाज कल्याण मंत्री आदरणीय राजकुमार आनंद जी संस्था के अध्यक्ष श्री जय किशन ठाकुर पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष श्री जगदीश यादव एसीपी दिल्ली पुलिस श्री वीरेंद्र पुंज और निगम पार्षद जोहरीपुर रोशन लाल सागर जी ने किया एवं समाज के वरिष्ठ समाजसेवी श्री आप ओम जी और मूलचंद सोलंकी जी भी मौजूद रहे कार्यक्रम में अपने संबोधन में राजकुमार आनंद जी ने कहा कि हम सब नेताओं को कपूर जी के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए आदरणीय जगदीश यादव जी ने भी कहा कि आज हम सब शपथ लेंगे की कर्पूरी ठाकुर के चरित्र को अपने जीवन में उतरेंगे एसीपी वीरेंद्र पूंजी ने भी कर्पूरी ठाकुर को महान नेता और व्यक्ति बताया श्री रोशन लाल सागर निगम पार्षद जी ने कहा कि मैं भी अपने जीवन में कोशिश कर रहा हूं कर्पूरी ठाकुर जी के जीवन से प्रेरणा लेकर उन जैसा बनने की संस्था के अध्यक्ष जय किशन ठाकुर जी ने कहा कि मैं 20 सालों से जननायक कर्पूरी ठाकुर जी का जन्म जयंती बना रहा हूं और हम हर वर्ष सरकार से मांग करते रहे की जननायक कर्पूरी ठाकुर जी को भी भारत रत्न दिया जाए महात्मा गांधी के बाद अगर किसी व्यक्ति का नाम आता है तो वह जननायक कर्पूरी ठाकुर आज इस मोदी सरकार ने पिछड़ों दलित अति पिछड़ों अल्पसंख्यकों का वह सपना पूरा किया और जननायक कर्पूरी ठाकुर जी को आज भारत रत्न की उपाधि से नवाया इसके लिए सरकार का बहुत-बहुत हार्दिक धन्यवाद करते हैं



**नागपुर सेन समाज के अद्यक्ष रमेश जी चांगल इनका सम्मान पत्र दे कर सम्मान करते हुए महाराष्ट्र प्रदेश श्री नारायणी सेना सन्गठन के अद्यक्ष अशोक पवार, प्रदेश सचिव गोपाल लिलडे, विनोदजी जायलवाल, विनोदजी पवार, श्री साखलाजी, लालूजी चव्हान, प्राध्यापक शुशिलजी कालोया, राजेशजी सावडिया आदि मन्यवर.**

# सर्व सहयोग सेवा ट्रस्ट द्वारा मुक्त चिकित्सा व रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**मुंबई,** महानगर मुंबई के नजदीक ठाणे जिला के कल्याण शहर में रविवार दिनांक 28 जनवरी 2024 को सर्व सहयोग सेवा ट्रस्ट के संयोजन में मुक्त चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में मां फाउंडेशन के अध्यक्ष संजय विश्वकर्मा का विशेष योगदान रहा जिनके अधीन रक्तदान शिविर एवं निशुल्क ईसीजी परीक्षण, रक्तचाप,मधुमेह,एंजियोग्राफी,एंजियोप्लास्टी,बाईपास किडनी




स्टोन डायलिसिस एवं डॉक्टर परामर्श की व्यवस्था उपलब्ध थी।मानव सेवा फाउंडेशन ट्रस्ट के डाक्टर संतोष कुमार शर्मा व उनकी टीम द्वारा उक्त शिविर में फिजियोथैरेपी संबंधी शारीरिक बिमारियों का निशुल्क इलाज किया गया।उक्त शिविर में 50 व्यक्तियों ने रक्तदान कर देश सेवा हितार्थ सराहनीय कार्य किया।सैकड़ो की संख्या में बच्चे,महिलाएं और युवा साथियों ने अन्य बीमारियों की जांच कराकर उसका लाभ लिया।उक्त शिविर में कवि एवं पत्रकार विनय शर्मा दीप,हरिशंकर शर्मा,हरिकेश शर्मा नंदवंशी,प्रदीप कुमार शर्मा नंदवंशी, संतोष निरंकार शर्मा,श्रीमती राधा शर्मा,कन्हैयालाल शर्मा,मनोज कुमार शर्मा,गंगेश शर्मा,विक्रांत शर्मा,आकाश शर्मा,कपूरी शर्मा,नवकुंभ साहित्य सेवा संस्थान के अध्यक्ष अनिल कुमार राही, नई उम्मीद फाउंडेशन के अध्यक्ष चंद्रभूषण शर्मा,एडवोकेट अनिल शर्मा, अनिल कुमार शर्मा डोंबिवली आदि के विशेष योगदान से शिविर का आयोजन किया गया।उपस्थित समाजसेवियों में पन्नालाल शर्मा,एफ सी शर्मा कल्याण, रंजना शर्मा,राजन शर्मा,विनोद शर्मा जोगेश्वरी,प्रेम कुमार शर्मा चारकोप, राजेश शर्मा मलाड,रामजनम शर्मा जोगेश्वरी,रामप्रसाद राजभर भांडुप, दीपक शर्मा बदलापुर,बृजेश शर्मा बदलापुर,जयप्रकाश शर्मा अध्यक्ष अखिल भारतीय सविता महासंघ, अनिल शर्मा प्रबंध संपादक कदम- कदम पर,बीडी शर्मा कांजुरमार्ग, सूर्यप्रकाश शर्मा,विनोद शर्मा टिटवाला, अजय शर्मा गोरेगांव, दिनेश शर्मा खड़ौली,सुनिल कुमार श्रीवास्तव कल्याण,कलेक्टर शर्मा गोरेगांव,भोला शर्मा,एस बी शर्मा,अशोक शर्मा,शिव प्रसाद शर्मा,ऋतेश शर्मा, राहुल शर्मा, कृष्ण शर्मा, रमेश गौड, शर्मा सुरेश, कविता शर्मा, सुनंदा अमोदकर, भरत राउत,लोलारक शर्मा, राहुल श्रीवास,बी पी शर्मा कांग्रेस कलवा के साथ साथ मिडिया से स्पर्श देसाई मेट्रो सिटी एवं नेहा सिंह बीएनसी 9 मुख्य रूप से उपस्थित थे। उपस्थित सभी वरिष्ठ समाजसेवियों ने उक्त कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी कार्यकारिणी के पदाधिकारी का आभार माना तथा उन्होंने कहा भविष्य में किसी प्रकार की आवश्यकता पड़ी तो हम सभी आप सभी के साथ हैं। अंत में विनय शर्मा दीप ने उपस्थित सभी डॉक्टरों, समाजसेवियों,मीडिया बंधुओं,कल्याण शहर के सहयोगी बंधुओं एवं संस्था से संलग्न सभी संस्थाओ का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# राजनेता डॉ. राममनोहर त्रिपाठी की जयंती पर रामायण पाठ का आयोजन सम्पन्न



महाराष्ट्र राज्य के पूर्व मंत्री साहित्यकार डॉ. राममनोहर त्रिपाठी की 92 वी जयंती पर उनके सुपुत्र पत्रकार अनुराग त्रिपाठी और उनकी धर्मपत्नी पूनम त्रिपाठी और उनकी बेटी मंजू पांडेय ने कुर्ला(प.) न्यू मिल रोड अपने आवास पर 24 घंटे का संगीतमय अखण्ड रामायण पाठ का आयोजन किया है। 26 जनवरी को समापन पर हवन और पूजा के बाद सैकड़ों लोगों ने भंडारा का महाप्रसाद ग्रहण किया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री चंद्रकान्त त्रिपाठी भाजपा महाराष्ट्र प्रदेश उपाध्यक्ष और पूर्व मंत्री कृपाशंकर सिंह, भाजपा नेता संजय उपाध्याय, विधायक राजहंस सिंह, डॉ. राधेश्याम तिवारी, डॉ. राजेंद्र सिंह, अरविन्द तिवारी, डॉ. नितेश सिंह, जयप्रकाश सिंह, बाबू बतेली, हरिश सनस, अशोक सिंह, दीपक विद्या ठाकुर, सरदार अजीत सिंह, अध्यात्म विशेषज्ञ अंशुल पांडेय, आचार्य पवन त्रिपाठी आरटीआई कार्यकर्ता अनिल गलगली, उदय प्रताप सिंह, राजेश शर्मा, संदीप शुक्ला, शिक्षाविद् देवेंद्र शुक्ला, कृपाशंकर मिश्रा समाज सेवी मनोज राजन नाथानी, मारकंडे सिंह, पत्रकार ब्रजमोहन पांडेय, विजय सिंह कौशिक, श्रीनारायण तिवारी, राजीव नौटियाल, आदित्य दुबे, भानू मिश्रा, अभय मिश्रा, विनोद हरदत्त सिंह, राम दिनेश यादव, जवाहर नाडर, अखिलेश सिंह, राजकुमार सिंह, ओमप्रकाश तिवारी, सुभाष गिरी, जालिन्दर काम्बले, शैलेश तिवारी, अनिल त्रिवेदी, कपिलदेव खरवार पूर्व नगर सेवक सीताराम तिवारी, बाबा लारेन्स, पदमाकर हबीब, रामविलास पाठक, सदानंद खोपकर, राजकुमार दीक्षित, रवि ठाकुर, श्याम यादव, संतोष दुबे, आकाश भगवाने, वीरेंद्र प्रताप (बबलू) सिंह, आशीष पटवा, पूनम पटवा, अनिल तिवारी, अजय शुक्ला, महेन्द्र उपाध्याय, ठाकुर विजय सिंह, मंगल सिंह, सतीश बेलमकर, संतोष दुबे, संगीता सिंह, निशा सिंह, नीलम सिंह, सुनीता सैनी, धर्मराज पांडेय के अलावा त्रिपाठी परिवार के सैकड़ों चाहने वालों ने स्व राम मनोहर त्रिपाठी और उनकी पत्नी मुन्नी देवी की तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। पंडित आत्माराम दुबे और पंडित धर्मेन्द्र पांडेय ने हवन और विधिवत पूजन कर इस धार्मिक अनुष्ठान को सम्पन्न कराया।

**फोटो : कपिलदेव खरवार**

# नीतीश 9वीं बार बिहार के CM; भारत पहले टेस्ट में इंग्लैंड से हारा; खड़गे बोले- भाजपाई मोदी को विष्णु का अवतार बना रहे

आज बन रहे कानून, कल के उज्ज्वल भारत का आधार बनेंगे', हीरक जयंती समारोह में बोले पीएम मोदी

पीएम मोदी ने कहा ''सरकार लगातार काम कर रही है और कई निर्णय ले रही है, जिससे विश्वसनीय न्यायिक प्रणाली बन सके। जन विश्वास विधेयक इसी दिशा में एक कदम है।''

आज भारतीय धुनों का साक्षी बनेगा विजय चौक, समारोह में राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री रहेंगे मौजूद

प्रधानमंत्री मोदी आज छात्रों को देंगे परीक्षा के तनाव को भगाने का मंत्र, 2 करोड़ से ज्यादा हुए रजिस्ट्रेशन

नीतीश 9वीं बार बिहार के सीएम बने, बोले-जहां थे वहीं आ गए, अब कहीं नहीं जाऊंगा; 2 डिप्टी सीएम सहित 8 मंत्रियों ने शपथ ली



नौवीं बार CM बने नीतीश को पीएम ने दी बधाई; कहा- बिहार में बनी NDA सरकार परिवारजनों की सेवा करेगी

9 वीं बार सीएम बनते ही नीतीश ने तोड़े रिकॉर्ड, बिहार में कोई सीएम नहीं कर पाया यह काम

भारत जोड़ो न्याय यात्रा सिलिगुड़ी पहुंची, राहुल बोले- बंगालियों को अन्याय के खिलाफ लड़ने के लिए आगे आना होगा; आज बिहार में प्रवेश करेगी यात्रा

नीतीश ने NDA में जाकर चौंकाया, जनता सबक जरूर सिखाएगी''; बिहार की सियासत पर शरद पवार ने की तीखी टिप्पणी

राहुल गांधी की वजह से टूट को नींद नहीं आती, खड़गे बोले- भाजपा के लोग मोदी को विष्णु का 11वां अवतार बनाने में लगे हैं

UGC के ड्राफ्ट की गाइडलाइन पर कांग्रेस को असहमति, जयराम रमेश ने कहा - यह SC, ST और OBC के आरक्षण को खत्म करने की साजिश

तमिलनाडु में सीट शेयरिंग पर कांग्रेस-DMK की बैठक हुई, कांग्रेस ने लोकसभा में 21 सीटों की मांग की; पिछली बार 9 पर लड़ी, 8 जीती

टीम इंडिया को लगा डबल झटका, हैदराबाद टेस्ट में हार के बाद WTC प्वाइंट्स टेबल में भी हुआ भारी नुकसान.

## मा. धनंजय सिंह पूर्व सांसद ने जननायक कर्पूरी ठाकुर जी के जयंती पर कहा की हम नाई समाज के साथ है

**जौनपुर,** भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा सीमित द्वारा आयोजित भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर जी का स्वर्ण जयंती



सिकरारा में बहुत बड़े पैमाने पर मनाया गया जहा पर कई हजार नाई समाज के लोग उपस्थित थे मा श्री धनंजय सिंह पूर्व सांसद व जनपद जौनपुर के लोक प्रिय नेता ने कार्यक्रम में अपना विचार रखते हुए कहा भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर जी एक ऐसे व्यक्ति थे जो पूरे भारत में अपने कार्यों से पहचाने जाते थे इनके जयंती समारोह में कहा नाई समाज को को किसी भी प्रकार का दुख सुख पड़ेगा हम इनके साथ खड़े है और आगे भी खड़े रहेंगे। और दिनेश शर्मा संस्था अध्यक्ष को कहा की अपने समाज को और मजबूती के साथ आगे बढ़ाए हमारा किसी भी प्रकार की जरूरत पड़ेगा हम आप के व आप के समाज के साथ सदैव खड़े रहेंगे।

## सचिन शर्मा जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में प्रतापगढ़ में भारतरत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर जयंती मनाया जायेगा



**प्रतापगढ़,** एम डब्लू ओ द्वारा आयोजित दिनाक 30/1/2024 दिन मंगलवार, समय 11:00 से 4:00 बजे तक चिलबिला ,प्रतापगढ़ ओवरब्रिज के पश्चिमी छोर पर भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर जयंती समारोह (शताब्दी वर्ष) का भव्य आयोजन किया गया है। जिसमें आप सभी सादर आमंत्रित हैं। आप सभी समाज प्रेमियों से विशेष आग्रह है। कि आप सभी अपने साथ कम से कम पांच सामाजिक साथियों को लेकर आवे ।और इस सामाजिक कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने की महान कृपा करें। और अपने सामाजिक राजनैतिक हिस्सेदारी के सहभागी बने।



महाराष्ट्र नारायणी सेनेचे अध्यक्ष अशोक आप्पा पवार यांनी रामायण कथाकार रामराव ढोक महाराज यांच्या कथांच्या वर्तमानपत्रच्या संकलित बातम्या महाराजांना देताना स्वत: अशोक पवार व ठा. धोंडीरामसिंह राजपूत वैजापूर 27 जानेवारी, 2024

## महान कर्मयोगी जननायक कर्पूरी जी के पदचिन्हों पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि - डा0 विनोद शर्मा

**जौनपुर,** जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय में उपेक्षितों के रहनुमा,महान कर्मयोगी,दबे कुचलों की आवाज, महान स्वतंत्रता सेनानी, बिहार सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय जननायक कर्पूरी ठाकुर जी की जन्म शताब्दी समारोह को बड़े धूम-धाम से मनाया गया । पार्टी द्वारा जननायक कर्पूरी ठाकुर जी के जन्म शताब्दी के अवसर पर गरीबों में कम्बल वितरण का कार्य यशस्वी सपा जिलाध्यक्ष श्री राकेश मौर्या के नेतृत्व में तथा राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष जननायक कर्पूरी ठाकुर सेवा समिति, पूर्व सपा जिला सचिव डा० विनोद कुमार शर्मा के हाथों में भी किया गया । इस अवसर पर डा०विनोद शर्मा ने सम्बोधित करते हुए कहा कि गरीबों की सेवा हीं ईश्वर की सच्ची सेवा है । महान कर्मयोगी श्रद्धेय जननायक कर्पूरी ठाकुर जी के कर्मयोग पर चर्चा करते हुए कहा कि महान कर्मयोगी जिनको स्वार्थ तथा परिवार वाद छूकर भी नहीं गया। अपने मुख्यमंत्रित्व काल में उन्होंने गरीबों, पिछड़ों और दलितों के तमाम योजनाएं चलाई, जननायक कर्पूरी ठाकुर जी कभी भी जाति या परिवार वाद की राजनीति नहीं किये न



हीं वे जाति के नेता बनें वे सदैव जमात के नेता रहे। आज बिहार प्रदेश में कर्पूरी ठाकुर फामूर्ला लागू है जिसकी जरूरत पूरे देश को है, जब तक कर्पूरी ठाकुर फामूर्ला लागू नहीं होगा तब तक सही मायने में समाजवाद लागू नहीं होगा। जननायक कर्पूरी ठाकुर जी का जीवन हीं समाजवाद की सच्ची परिभाषा है। महान कर्मयोगी श्रद्धेय जननायक कर्पूरी ठाकुर जी के पदचिन्हों पर चलना हीं उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

जन्म शताब्दी समारोह में जिला कार्यालय पर पूर्व जिलाध्यक्ष, पूर्व मंत्री श्री राजनारायन बिंद, पूर्व मंत्री शैलेन्द्र यादव ललई जी, प्रदेश सचिव विवेक रंजन जी, के टी एस प्रमुख डा०अजय शर्मा जी, विकास शर्मा,प्रभआनन्द जी , राजेन्द्र यादव ह्वाटाईगरह्व जी, पूर्व जिला महासचिव अखण्ड प्रताप यादव जी, पूर्व जिला महासचिव हिसामुद्दीन शाह, राजेश विश्वकर्मा, रत्नाकर चौबे जी ,राजनरायन बिंद जी आदि लोगों ने जननायक कर्पूरी ठाकुर जी के विचारों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन पूर्व वि०स०अध्यक्ष श्री राजेन्द्र प्रसाद यादव जी ने किया।



अभ्युदय सहकारी बैंक कांजुरमार्ग शाखा द्वारा 26 जनवरी 2024 को श्री विजय कुंज सहकारी आवास समिति, कांजुरमार्ग में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिता समूह तीन से आठ एवं आठ से बारह के लिए आयोजित की गई थी। बच्चों ने प्रतियोगिता में भाग लिया और अच्छी प्रतिक्रिया दी। इस प्रतियोगिता में विभाग के विभिन्न गणमान्य व्यक्ति एवं संगठन के पदाधिकारी उपस्थित थे। इस योजना में भारतीय जनता पार्टी के वार्ड अध्यक्ष श्री वीरेंद्र महाडिक एवं पार्टी के अन्य पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित थे। कांजूर शाखा प्रबंधक श्री पानसरे ने गणमान्य व्यक्तियों और निवासियों को बैंक, विभिन्न बचत खाता योजनाओं, सावधि जमा योजनाओं, विभिन्न प्रकार की ऋण योजनाओं और बैंक द्वारा प्रदान की जाने वाली अन्य सेवाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। बैंक द्वारा आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता में श्री विजय कुंज सहकारी समिति के सभी पदाधिकारियों एवं श्री अविनाश जंगम एवं श्रीमती ने सहयोग किया। स्नेहा अविनाश जंगम का विशेष सहयोग रहा।

# ठाणे में अज्ञात लोगों ने की एक व्यक्ति की निर्मम हत्या

**ठाणे:** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के कल्याण इलाके में झगड़े के बाद अज्ञात लोगों ने 41 वर्षीय एक व्यक्ति की कथित तौर पर हत्या कर दी। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। कल्याण मंडल के मानपाड़ा पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना मंगलवार और बुधवार की मध्यरात्रि को हुई, जहां आदिवली इलाके में एक पेट्रोल पंप के पीछे पीड़ित पर धारदार हथियारों से हमला किया गया।

संवाददाता के अनुसारपुलिस के अनुसार, अस्पताल ले जाते समय उस व्यक्ति ने दम तोड़ दिया। पीड़ित ने अपने बेटे को मंगलवार को बताया था कि वह अपने दोस्तों की मदद से सड़क के किनारे




खाद्य सामग्री का एक ठेला लगाना चाहता है। देर रात बेटे को पिता के मोबाइल से किसी ने फोन कर बताया कि उसके पिता को एक दुर्घटना के बाद अस्पताल ले जाया जा रहा है।

घटना के संबंध में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, पीड़ित के बेटे को पुलिस से पता चला कि उसके पिता का किसी के साथ झगड़ा हुआ था, जिसके कारण संभवतः उनकी हत्या कर दी गई। कुछ हफ्ते पहले, पीड़ित कुछ लोगों के साथ हुए विवाद की शिकायत लेकर पुलिस के पास पहुंचा था। प्राथमिकी में कहा गया है कि पुलिस ने तब गैर-संज्ञेय अपराध दर्ज किया था। मानपाड़ा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया है। अधिकारी ने बताया कि बेटे की शिकायत के आधार पर, पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) के तहत मामला दर्ज किया, और घटना की जांच जारी है।